तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

09 विश्व साइकिल दिवस पर निकली साइकिल रैली, फिटनेस ...



08 दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक-2 में भालुओं ...





## खबर संक्षेप

### सूने मकान से लाखों का सामान पार

**बालोद।** महिला अपने नातिन के घर गई और इधर अज्ञात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बिटाल निवासी परदेशीन बाई महंत ने पुलिस को बताया कि 27 मई को मै अपनी नातीन खुशबु मानिकपुरी के यहां नारायणपुर चली गयी थी। 01 जून को दोपहर मेरे ठेकेदार पूरन करपाल ने फोन कर बताया कि आपके घर का दरवाजा टूटा हुआ है तथा एलईडी टीवी तथा अन्य सामान नही है, तब मै पूरन करपाल को मेरे आने तक मेरे घर में रात में सोने के लिए बोली थी, 03 जून को मै नारायणपुर से वापस आकर घर जाकर देखी तो मेरे घर अंदर रखे आलमारी का ताला तोडकर लॉकर में रखे 20,000 रूपये नगदी तथा घर की सामने व पीछे सीसीटीव्ही कैमरा, टीवी नही था व अन्य घरेलू उपयोगी सामान को कोई अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा को तोडकर चोरी कर ले गया है।

### खेत से 240 मीटर केबल वायर चोरी

**बालोद।** मार्री बंगला देवरी क्षेत्र में किसानों के खेतों से केंबल वायर चोरी होने का क्रम लगातार जारी है। लगातार चोरी होने से किसानो में प्रशासन के प्रति आक्रोश फैलता जा रहा है। बीती रात फिर एक किसान के खेत में लगे मोटर से वायर की चोरी हो गई। जिसके बाद पीड़ित किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पसौद पोस्ट देवरी, तहसील मार्री बंगला देवरी निवासी हेमलाल साहू पिता राधेलाल साहू 53 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम पसौद से भण्डेरा रोड नाला के पास मेरे भूमि लगभग 2 एकड धनहा खेत हैं, जिसमें बोर कनेक्शन लगा हुआ हैं। जिसमें करीब 240 मीटर केबल वायर लगा हुआ था। जो 05 से 06 जून के 08 बजे रात्रि से सुबह 06 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किया गया हैं तथा मेरे साथ हुलेश कुमार देवांगन पिता सुखचंद देवांगन का भी केबल वायर चोरी हुआ हैं, पूर्व में मेरे खेत से लगा पीलाराम, हितेन्द्र सिन्हा, पूर्वेश सिन्हा, सुरेश देवहारी के खेतों से बोर का केबल चोरी हो चुका है, जिससे हम सभी को मानसिक एवं आर्थिक रूप से क्षति पहुंच रही हैं।

### बीएसएनएल टावर से ढाई लाख के उपकरण चोरी

**बालोद।** ढ़ाई लाख के टॉवर में लगे 4जी बीटीएस को चोरो ने चोरी कर ली। जिसके बाद टेकनीशियन के द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ई) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नगला प्रथी पोस्ट बिसावर जिला हाथरस उत्तरप्रदेश निवासी जो वर्तमान में रामनगर कवर्धा रहता है ग्राम भरदाकला में बीएसएनएल टावर में साइट इंचार्ज सत्यबीर सिंह पिता सौदान सिंह 41 वर्ष ने पुलिस को बताया कि जब कभी टावर में सिंगनल डाउन हो जाता है, तो मैं आकर देखता हूं, 22 मई को दोपहर करीबन 02.30 बजे मैं कवर्धा से गुण्डरदेही निवासी प्रेम रजक जो कि टावर में टेकनिशियन का काम देखता है, को फोन लगाया और बोला कि साइट डाउन कैसे दिखा रहा है, नेटवर्क बंद है, तब प्रेम बोला कि मैं सुबह 07 बजे आकर देखा तो 4जी बीटीएस के अंदर के सामान को चोरी कर ले गया है, तब मैं पूछा कि तुम आखरी बार साइट को देखने कब गये थे, तो प्रेम ने बताया कि 10 मई के सुबह 08.30 बजे आया था और आज आया हूं, तो देखा कि चोरी हो गया है, तब मैं इस बात को सुबह आते ही इसके बारे में एसडीओटी दुर्ग को बताया हूं, चोरी किए गए सामानक की कीमत लगभग ढाई लाख रूपये बताई जा रही है।

# संधारण अवधि में ही उखड़ने लगी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, ग्रामीणों ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

## शिकायतों के बाद भी नहीं हुई मरम्मत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ठेकेदारो को मिल रहे प्रशासन तंत्र के संरक्षण के चलते विकासखण्ड में कार्यो का लाभ आम जनता को ठीक से नही मिल पा रहा हैं। शासन प्रशासन का ध्यान आम जनता की परेशानीयो की ओर आकृष्ट कराने के बाद भी कार्यो में सुधार नही हो रहा है उल्टे अधिकारी ही ठेकेदार को बचाने में लगे है। ताजा मामला विकासखण्ड के ग्राम दर्रा से सरबदा के मध्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बने दो किलोमीटर लंबी सड़क का है। कार्य 2022 में हुआ। ठेकेदार मं. हमारा इफ्रास्ट्रक्चर रायपुर है। सड़क अभी ठेकेदार द्वारा दी गई 5 साल की गारंटी के तहत संधारण अवधि में है। यह सड़क कई जगहो से उखड़ रही है।



### सड़क की संधारण की आवश्यकता नहीं

मामले में उप अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पल्लवी सिंह ने कहा मैने सड़क देखी है, वहां संधारण की आवश्यकता नही है। एसडीओ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना युगल साहू ने कहा सड़क में इतनी खराबी नही आई है कि उसकी मरम्मत करानी पड़े।



कुछ जगहो में दब रही है, डामर उखड़ रहे है। कई जगहो से शोल्डर पूरी तरह गायब हो गया है जिससे डामर सड़क के बाद ढेड़ दो फीट गहरा गड्ढा हो गया है जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। कुछ जगहो में सड़क किनारे शोल्डर की मुरूम व मिट्टी इतनी कट गई है कि वहां तेज ढाल बन गया है, शोल्डर में वाहन का चक्का उतारने पर वाहन के पलटने का खतरा है।

इस सड़क की स्थिति से विभाग को पूर्व भी समाचार पत्रे के माध्यम से अवगत कराया गया था, मौखिक जानकारी दी गई थी लेकिन विभाग के उप अभियंता एवं सहायक अभियंता के अनुसार सड़क में संधारण करने की आवश्यकता नही है। सड़क मजबूत व सुविधा जनक है।

## अनदेखी : वीडियो वायरल, सुर्खियों में मामला, क्या जागेगा रेलवे?

# अंतागढ़-दुर्ग ट्रेन में यात्री ज्यादा, बोगी कम जान जोखिम में डालकर लटके हुए यात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतागढ़ से दुर्ग के मध्य चलने वाले ट्रेन का एक विडियो लगातार सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे देखने को मिल रहा है कि ट्रेन में लोग अपनी जान को दांव में लगाकर दरवाजे में झूलते हुए सफर करने को मजबूर है।

जिले के लोगो को जब से अंतागढ़ से दुर्ग के लिए चलने वाली यात्री ट्रेन की सीमित बोगी एवं गिनती के फेरे होने से वर्तमान में चलने वाली यात्री ट्रेनो में भीड़ इतनी अधिक होती है कि लोगो को बालोद से दुर्ग तक खड़े रहकर सफर करना पड़ता है। मध्यमवर्गीय एवं कमजोर तबका सस्ते दर पर व समय की बचत करने के लिए ट्रेन का सफर करना पसंद करते है। इसी के चलते जिले में लगातार ट्रेन से सफर करने वाले लोगो की संख्या बढ़ते क्रम में है। ऐसे में ट्रेन में सफर करने वाले लोगो की संख्या लगातार बढ़ते देख जिले में कई बार यात्री ट्रेन की बोगिया बढ़ाने की मांग की जा चुकी है, इसके बावजूद रेल्वे प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ठोस कदम ना उठाते, उच्च अधिकारियो के निरीक्षण के दौरान आम जनता व नेताओ के मांग पर लोगो को आश्वासन दे दिया जाता है तथा जल्द मांग पूरी होने की बात कह दी जाती है, लेकिन इसको लेकर कोई विशेष कदम नही उठाने के कारण लगातार ट्रेन से सफर करने वाले लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। एक ऐसा ही विडियो लगातार सोशल मिडिया में वायरल हो रहा हैं जिसमे देखने को मिल रहा है कि कई यात्री जगह नही होने के कारण ट्रेन के दरवाजे में लटककर सफर करने को मजबूर है। विडियो में ऐसा दिख रहा है कि एक दो व्यक्ति लटक कर सफर नही कर रहे है, बल्कि हर दरवाजे में तीन से चार व्यक्ति ट्रेन के दरवाजे में लटकर सफर कर रहे है।

- आश्वासन का 'लॉलीपॉप': जनता की मांगें ठंडे बस्ते में
- भारी भीड़ के बावजूद ट्रेन में डिब्बों की संख्या बेहद सीमित

# नई फर्नीचर दुकान का साइन बोर्ड कबाड़ समझकर ले गईं महिलाएं

## चार के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए दुकान के सामने लगे बोर्ड को महिलाओ ने कबाड़ी समझ उठा लिया, जिसके बाद पीड़ित दुकानदार ने चार महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 3(5), 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रेल्वे कालोनी बालोद निवासी अमन तिगाला ने पुलिस को बताया कि मधु चौक से रेल्वे स्टेशन बालोद के मध्य फर्निचर दुकान है। मेरे दुकान की ओपनिंग 01 जून को किया जाना था, इसी दुकान के बाहर सामने पोर्च में लोहे के एंगल से बने साईन बोर्ड लगा था।

30 मई को सुबह करीबन 06:30 बजे मुझे असद तिगाला ने फोन लगाकर बताया कि दुकान के सामने पोर्च में लगे लोहे की एंगल से बने साईन बोर्ड को कबाड़ी सामान उठाने वाली तीन महिलाएं चोरी कर ले गई है, साईन बोर्ड में लगे लाईट एवं वायर टुटा हुआ बिखरा पड़ा था, तभी मैंने घटना के बारे में असद तिगाला एवं आयान तिगाला से पुछने पर बताये कि सुबह करीबन 06 बजे दुकान के सामने लगे साईन बोर्ड को तोड़ने की आवाज सुनकर उठकर देखने पर दुकान के बाहर पोर्च में लगे साईन बोर्ड को कबाड़ी सामान उठाने वाली तीन महिलाएं तोड़कर बोरी में भरकर ले जा रहे थे, जिनको रोकने के लिये आवाज लगाने पर दुकान के पीछे झाड़ियों के तरफ से भाग गई।

जिस कारण चोरी हुए साईन बोर्ड एवं लोहे की एंगल का पता करते हुये जवाहरपारा में कबाड़ी खरीदने वाले कबाड़ी दुकान में जाकर देखा जहां हमारे चोरी हुये साईन बोर्ड एवं लोहे का एंगल रखा हुआ मिला, अमन तिगाला ने पुलिस को बताया कि कबाड़ी दुकानदार महेश्वरी मण्डावी से सामान के बारे में पूछने पर उन्होने साईन बोर्ड एवं लोहे की एंगल को जवाहरपारा बालोद निवासी तीन महिलाओ का नाम लेते हुए उनसे खरीदी करना बताया है।

# नैनो उर्वरक से बदली किसान जाहिद अंसारी की खेती, उत्पादन और आय में हुई बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नैनो उर्वरक का उपयोग कर जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नंगुटोला के किसान जाहिद अंसारी अब अपनी खेती को बेहतर उत्पादन एवं मुनाफेदार बना रहे हैं। वे नैनो उर्वरक का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग कर अपने फसल उत्पादन में वृद्धि कर रहे है।

- अन्य किसानों को भी नैनो उर्वरक अपनाने की सलाह
- कृषक उन्नति योजना की राशि से मजबूत कर रहे खेती

किसान जाहिद अंसारी ने बताया कि वे लगभग 07 एकड़ भूमि पर कृषि कार्य करते हैं। वे खरीफ सीजन में धान की फसल तथा रबी सीजन में मुख्य रूप से चना और गेहूं की खेती करते हैं। जाहिद ने बताया कि इस वर्ष भी उन्होंने समय पर सहकारी समिति से पर्याप्त मात्र में खाद–बीज का उठाव कर लिया है। नैनो उर्वरक के उपयोग के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए जाहिद अंसारी ने कहा कि उसने कृषि विभाग के अधिकारियों के तकनीकी मार्गदर्शन में अपने खेतों में नैनो उर्वरक का छिड़काव किया है। इसका परिणाम बेहद ही प्रभावी रहा है। नैनो खाद के उपयोग से न केवल धान, चना, गेहूं की फसल की गुणवत्ता सुधरी है बल्कि प्रति एकड़ उत्पादन में भी बेहतरीन वृद्धि हुई है।



उन्होंने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे पारंपरिक खादों पर निर्भरता कम कर नैनो उर्वरक को अपनाएं, जिससे कम लागत में बेहतर और पौष्टिक फसल का उत्पादन किया जा सके। जाहिद अंसारी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही कृषक उन्नति योजना से मिली अतिरिक्त राशि का उपयोग वे अपने खेती–किसानी के कायोंर् को बेहतर बनाने में कर रहे हैं।

### वाहन चालकों को फिर मिलने लगी दिशा संबंधी जानकारी

# चंदखुरी-पीछेगांव फोर लेन मार्ग पर क्षतिग्रस्त सूचक बोर्ड की हुई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

चंदखुरी-पीछेगांव फोर लेन मार्ग पर वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुए सूचक बोर्ड को लेकर प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले पर संज्ञान लेते हुए टूटे हुए सूचक बोर्ड की मरम्मत कर उसे पुनः स्थापित कर दिया है।

सूचक बोर्ड क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को दिशा संबंधी जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए बोर्ड को सुधारकर दोबारा लगाया गया, जिससे मार्ग पर सूचना व्यवस्था फिर से सुचारू हो गई है। इस कार्य में सब इंजीनियर आर.के. राव एवं एसडीओ सोनल धलेंद्र की पहल से त्वरित कार्रवाई की गई। सूचक बोर्ड के पुनः स्थापित होने से वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिल रही है तथा मार्ग संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है।



खबर का असर

## स्पष्टीकरण और उचित निराकरण की मांग की गई

# 15 वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मचारी को हटाने पर संघ ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ बालोद की बैठक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमाण्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारी गंभीर साहू के कार्यमुक्त किए जाने के मामले पर चर्चा की गई।

संघ के अध्यक्ष राकेश कलिहारी ने बताया कि गंभीर साहू वर्ष 2010 से पिछले लगभग 15 वषोंर् में अल्प मानदेय पर विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में प्राचार्य द्वारा उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया, जिसके बाद संघ ने इस निर्णय को लेकर आपत्ति जताई है।



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मामले की जांच कराते हुए पुनः नियुक्ति की प्रक्रिया पर विचार किया जाए। इसके साथ ही संघ द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर पूरे प्रकरण की जांच, स्पष्टीकरण और उचित निराकरण की मांग की गई है। अध्यक्ष राकेश कलिहारी ने कहा कि गंभीर साहू लंबे समय से सेवा दे रहे हैं, ऐसे में अचानक कार्यमुक्त किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले कर्मचारियों के मामलों में नियमों के तहत उचित प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सबंधित कर्मचारी को न्यायोचित निर्णय प्रदान करे।

# करोड़ों की रीपा परियोजना बनी शोपीस

## 40 लाख की मशीनें खरीदीं, उत्पादन शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी की ग्राम पंचायत अरमुरकसा में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी रूरल इंडसट्रियल पार्क (रीपा) योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से भवन और बेकरी इकाई स्थापित की गई थी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर गांवों को आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते यह परियोजना अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है।

ग्रामीणों के अनुसार बेकरी संचालन के लिए सिद्धि विनायक बेकरी समिति का गठन कर उसका पंजीयन कराया गया था। शासन द्वारा समिति के खाते में लगभग 40 लाख रुपये की राशि मशीनों और सामग्री की खरीदी के लिए जमा कराई गई। इस राशि से बेकरी निर्माण के लिए आवश्यक मशीनें खरीदी गईं और समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया गया, लेकिन बेकरी उत्पादन कभी शुरू नहीं हो सका।

ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद और जिला स्तर के अधिकारी भवन निर्माण और मशीन खरीदी तक ही सीमित रहे। बिस्किट, ब्रेड, क्रीम रोल सहित अन्य उत्पादों का निर्माण शुरू कराकर समूह के सदस्यों को रोजगार दिलाने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की गई। परिणामस्वरूप लाखों रुपये की मशीनें आज रीपा परिसर में अनुपयोगी पड़ी हैं। बताया जाता है कि रीपा भवन को तीन-चार वर्ष पूर्व हैदराबाद की एक निजी कंपनी को किराये पर दिया गया था, जहां मिलेट्स चिक्की का निर्माण किया जाता था। हालांकि राज्य में सत्ता परिवर्तन के कुछ माह बाद यह कार्य भी बंद हो गया। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने परियोजना की समीक्षा कर स्थानीय स्व-सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं सरपंच हलधर गोरे ने बताया कि रीपा भवन में रखी कुछ मशीनों की चोरी होने की सूचना 2 मई को जनपद पंचायत को लिखित रूप से दी गई थी, लेकिन अब तक कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने परियोजना को पुनर्जीवित कर रोजगार के अवसर सृजित करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### रसोई गैस के दाम बढ़ने पर कांग्रेस का विरोध



**गुरूर।** केन्द्र सरकार ने घरेलू गैंस सिलेण्डर के दाम में 29 रूपये की वृद्वि की है। बीते तीन महीने में यह दूसरी बार वृद्वि हुई है। आज हुई वृद्वि को लेकर कांग्रेस आक्रामक हो गई है। कांग्रेस ने इसे गरीब जनता के साथ अन्याय बताया है। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने सिलेण्डर के दामो में 29 रूपये की बढ़ोत्तरी का विरोध करते हुए कहा पेट्रोल डीजल के दाम में वृद्वि से पहले से ही जनता महंगाई की मार झेल रही है। घरेलू महिलाओ के किचन का बजट बिगड़ चुका है। बढ़ती महंगाई से खाने पीने की वस्तुओ की कीमत बढ़ गई है और अब रसोई गैस महंगा करने से उन पर आर्थिक बोझ और बढ़ेगा। संगीता सिन्हा ने कहा ग्रामीण क्षेत्रे में सिलेण्डर 45 दिन बाद मिल रहा है और अब उसे महंगा कर दिया गया है, ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री जी पहले लोगो को उज्वलवा योजना में सब्सीडी में गैंस देकर पहले उन्हे गैंस के उपयोग करने की आदत डलवाए। अब उस सब्सीडी को मूल्य बढ़ाकर वसूल कर रही है। वही ग्रामो में अब लोग लकड़ी चुल्हा छोड़ गैस का उपयोग करने लगे है। गैस का दाम दो बार बढ़ने के बाद अब गरीब परिवार के लोग गैस खरीदना महंगा हो रहा है जिससे अब उन्हे मजबूरी में लकड़ी चूल्हा जलाना पड़ रहा है।

### अवैध शराब परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार



**डौंडीलोहारा।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अधिक मात्रा में देशी शराब का परिवहन करते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोनी फॉस एक्का के निर्देशन में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना डौण्डीलोहारा पुलिस ने धान मंडी के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे कपड़े के थैले से 40 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब बरामद हुई। प्रत्येक पौवा में 180 मिलीलीटर शराब भरी हुई थी। जब्त शराब की कुल मात्रा 7.200 बल्क लीटर तथा अनुमानित कीमत 3,200 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रवण कुमार साहू (38 वर्ष), पिता बलदूराम साहू, निवासी ग्राम तरौद, थाना बालोद, जिला बालोद के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील तिर्की, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र साहू तथा आरक्षक एस. कुमार तारम, भूपेन्द्र ठाकुर, पूनम खरे एवं धर्मेन्द्र सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकली साइकिल रैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह रैली सुबह 06.30 बजे से जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू हुई। संडे ऑन सायकल (सायकल रैली) सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से प्रारंभ होकर, घड़ी चैक, पुराना बस स्टैण्ड, सदर मार्केट से होते हुए मधु चैक, कचहरी चैक वापस घड़ी चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालोद उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई। आयोजन में पार्षद गिरिजेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों–कर्मचारियों एवं युवाओं ने हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को दैनिक जीवन में साइकिल अपनाने, शारीरिक रूप से एक्टिव रहने और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।



### लापरवाही : अफसर-नेताओं से गुहार लगाकर हारे ग्रामीण

# तीन साल से अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन की टंकी, ग्रामीणों की जान पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

ग्राम सुराज, जन समस्या निवारण शिविर, जनदर्शन एवं पीएचई विभाग में गुहार लगाने के बाद भी ग्राम नवागांव के ग्राम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर स्वच्छ जल के तहत पानी नही मिल रहा हैं, प्रधानमंत्री के सपने पर भ्रष्टाचार ने कालिख पोत दी। यहां बन रही टंकी का ठेकेदार तीन साल से लापता है। ग्रामीणो को घरो में पानी तो नही मिला। लेकिन पीएचई विभाग एवं उसके ठेकेदार ने आम जनता के जीवन को खतरे में डाल दिया है।

- ठेकेदार लापता, ग्रामीण पेयजल संकट से परेशान
- आंगनबाड़ी के पास खड़ी जर्जर संरचना बनी खतरा

गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल जीवन मिशन की पानी टंकियो का हाल बेहाल है, अधुरी टंकिया विभाग की लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है।

ऐसे ही एक और मामला ग्राम पंचायत सनौद के आश्रित ग्राम नवागांव के निर्माणाधीन पानी टंकी का है। अधुरी टंकी ग्रामीणो के जान के लिए खतरा बनकर खड़ा है। पानी टंकी के लिए चार पिलर तो खड़े हो गए है, टंकी बनाने के लिए ठेकेदार प्लेट लगा ऐसा गायब हुआ कि तीन साल से वैसी ही है, टंकी की प्लेट बल्लीयो के सहारे लगी हुई है। तीन साल से टंकी में लगी बल्लियो एवं प्लेट एवं चैली के बॉस सड़ गए है। कई बल्लियां कील के सहारे हवा में लटक रही है, बल्लियां व बांस के सड़ने से उसके व टीन के प्लेट के गिरने का खतरा बढ़ गया है।



जहां टंकी बनाई जा रही है उसके बगल में आंगनबाड़ी है। टंकी के बगल से ग्रामीण अपने घर एवं खेतो में आना जाना करते है। हवा में लटकती एवं कमजोर हो चुकी बल्लीयो के गिरने का खतरा बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि बीच बीच में बल्लीयां एक एक कर गिरने लगी है। ठेकेदार ने टंकी निर्माण के पहले पाईप लाईन अधुरा बिछाया एवं कुछ घरो में कनेक्शन भी दिया गया, लेकिन कभी उसकी टेस्टिग नही की गई। जिसके अब पूरी तरह नष्ट होने की बात ग्रामीण कहते है।

ग्राम पंचायत द्वारा ट्यूबवेल के माध्यम से पानी आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन पतली धार में पानी भरने से ग्रामीणो का समय बर्बाद हो रहा है, जिससे ग्रामीण रोजगार के लिए नही जा पाते। ग्रामीणो को मजबूरी में हैण्डपंपो का पानी पीना पड़ रहा है। सरपंच हिले"वर पटेल ने बताया तीन साल से टंकी में प्लेट व बल्ली लगी हुई है। पीएचई में आवेदन देने पर एक बार ठेकेदार आया था, उसके बाद लौटकर नही आया। हमने ग्राम सुराज, जन समस्या निवारण शिविर एवं जनदर्शन बालोद में भी आवेदन दिया लेकिन विभाग के लोग नही और न ही ठेकेदार के लोग आए।

उपसरपंच बुधियार देशलहरे ने कहा ग्राम में पेयजल की किल्लत है। पूर्व में टैंकर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ी है टंकी के पास ही आंगनबाड़ी है, अधुरी टंकी बच्चो के लिए खतरा है। निर्माण के दौरान ठेकेदार ने पानी नही डाला है। पंच नरोत्तम बारले ने कहा टंकी बांस बल्ली लगातार पानी धूप में रहने से कमजोर हो गए है, एक दो तो गिर चुके है। बांस बल्ली एवं टंकी में लगी टीन की प्लेट ग्रामीणो के जान के लिए खतरा बन गए है। इनके गिरने का डर बना रहता है। निर्माण के दौरान पिलर में राड स्पष्ट दिख रहे थे जिसे पुटिंग खर्च बढ़ गया है निर्माण कार्य में 10 एमएम राड़ का उपयोग किया गया।

## नीट मुद्दे पर कांग्रेस का आंदोलन राजनीतिक नौटंकी : संजय साहू

**बालोद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण सह–प्रमुख संजय साहू ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव द्वारा नीट परीक्षा मामले को लेकर किए जा रहे आंदोलन को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि यह केवल मीडिया में बने रहने और संगठन में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को साधने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले 12वीं बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में एनएसयूआई नेता वेणु जंघेल की गिरफ्तारी ने कांग्रेस का असली चेहरा उजागर कर दिया है।



संजय साहू ने कहा कि 12वीं हिंदी विषय का प्रश्नपत्र पैसे लेकर बेचना, डिजिटल साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास करना तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार होना, कोई सामान्य गलती नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र था। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे लोगों को संरक्षण कौन दे रहा था। जब प्रदेश के छात्रों का भविष्य दांव पर लगाया जा रहा था तब कांग्रेस ने कोई आंदोलन क्यों नहीं किया?

भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पीएससी जैसी प्रतिष्ठित भर्ती परीक्षा घोटालों और अनियमितताओं के कारण चर्चा में रही। उस समय युवाओं के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने वाली कांग्रेस आज नीट परीक्षा के नाम पर केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा से संबंधित अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने तत्काल सीबीआई को जांच सौंप दी थी। जांच एजेंसी लगातार कार्रवाई कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं के हितों और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गुलशन साहू ने कहा कि कांग्रेस को पहले अपने संगठन के उन नेताओं पर जवाब देना चाहिए जिन पर परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। युवाओं के भविष्य को लेकर भाजपा की सरकार पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है।



## दो साल में उखड़ने लगी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क, राहगीरों के लिए बढ़ा खतरा

### सांकेतिक बोर्डो का अभाव, दुर्घटना की आशंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी ग्राम चिचलगोंदी से सनौद पहुंच मार्ग निर्माण के दो साल में ही उखड़ने लगा है। मार्ग के गड्ढे राहगिरो के लिए जानलेवा साबित हो रहे है। संधारण अवधि में रहने के बाद भी विभाग ठेकेदार से मरम्मत कार्य कराने में नाकाम दिख रहे है।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचलगोंदी से सनौद के मध्य 6.7 किलो मीटर लंबी सड़क 2024 में बनकर तैयार हुई है। सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी है। सड़क की लागत क्या है यह स्पष्ट नही है क्योकि सूचना बोर्ड में उसका उल्लेख नही है। कार्य श्री सांई कंट्रक्शन दुर्ग द्वारा कराया गया है। सड़क में कार्य पूर्ण होने के बाद भी मार्ग में सांकेतिक बोर्डो का अभाव है जिससे मोड़, आने या अन्य जानकारियां राहगिरो को नही हो पाती, जिससे वाहन चालको को परेशानी हो रही है। सड़क बनने के बाद शोल्डर की कभी भी सफाई नही होने की जानकारी ग्रामीण देते है, जिससे सड़क किनारे कई स्थानो में शोल्डर में खरपतवार उग आए है, जिससे सड़क सकरी हो गई है। सड़क के डामर सड़क का साथ छोड़ रहे है। कई जगह गड्ढे हो गए है। सड़क दब रही है। जिससे सड़क लहरदार हो गई है जो वाहन चालको के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। ग्रामीणो ने कहा कि संघारण अवधि में होने के बाद भी सड़क के शोल्डर की सफाई नही हो रही है। उसे तत्काल साफ किया जाए एवं जहां गड्ढे हो गए है एवं सड़क दब रही है व डामर उखड़ रहे है वहां भराई कर डामरीकरण किया जाए।




## प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में जुटा मरार पटेल समाज मां शाकंभरी प्रतिमा के लिए दी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जामडी स्थित श्री पाटेश्वर आश्रम के कौशल्या धाम प्रांगण में आयोजित छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज के वरिष्ठजन, जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा मातृशक्ति शामिल हुईं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल उपस्थित रहे।

- प्रदेशभर से पहुंचे हजारों समाजजन, कौशल्या धाम में हुआ भव्य सम्मेलन




उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां कौशल्या धाम का निर्माण केवल बालोद जिले ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कौशल्या धाम में विभिन्न समाजों की आराध्य देवियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना सामाजिक समरसता और सद्भाव को मजबूत करेगी। मरार पटेल समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी की प्रतिमा की स्थापना समाज के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए उन्होंने संत श्री रामबालक दास जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूरा मरार पटेल समाज उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर मरार पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी की प्रतिमा स्थापना हेतु दानराशि भी संत श्री रामबालक दास जी को भेंट की गई। संत श्री रामबालक दास जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मरार पटेल समाज परिश्रमी समाज है, जो समाज को सब्जी एवं कृषि उत्पाद उपलब्ध कराता है। कौशल्या धाम में मां शाकंभरी की प्रतिमा स्थापित होने से समाज का सम्मान और गौरव बढ़ेगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए समाज ने सहयोग दिया, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ की बेटी राजरानी मां कौशल्या के भव्य धाम निर्माण में भी सभी को योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों एवं जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों की ओर से दानराशि की घोषणा की। इस अवसर पर संत श्री रामबालक दास जी ने उन्हें स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मेलन में मरार पटेल समाज ने आगामी पौष पूर्णिमा पर श्री पाटेश्वर धाम में मां शाकंभरी जयंती मनाने की घोषणा भी की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री रामबालक दास जी ने बताया कि 9 जून को मां कौशल्या धाम, जामडी पाटेश्वर आश्रम में छत्तीसगढ़ साहू संघ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। वहीं 12 जून को जयपुर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु विशेषज्ञ मनोज गुप्ता का आगमन होगा। उनके सान्निध्य में आयोजित 'सनातन का शंखनाद' कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने तथा अपनी जन्मपत्री एवं कुंडली संबंधी परामर्श प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया।



# संतोषी चौक में मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन 5.79 लाख की लागत से होगा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी के संतोषी चौक में मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। यह निर्माण कार्य जिला पंचायत विकास निधि एवं 15वें वित्त जिला पंचायत विकास योजना के अंतर्गत लगभग 5.79 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा उपस्थित रहीं। उन्होंने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और कहा कि इस मंच के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच कविता यादेश ठाकुर, जनपद सदस्य गोपाल यादव, उपसरपंच योगिता जितेंद्र यादव, पंच दुर्गा किशन यादव, उमा गोपाल यादव, राजेन्द्र चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, बीरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने मंच निर्माण की स्वीकृति पर खुशी जताते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने की बात भी कही गई।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रक से डीजल चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम के गौठान के पास रखे ट्रक से अज्ञात चोर ने डीजल टंकी से करीबन 100 लीटर डीजल की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम लाटाबोड निवासी चुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि कच्चे पर्रेकोडो निवासी विजेन्द्र कुमार थापा का ट्रक सीजी 08 एडब्लू 7072 को रायपुर में माल खाली करने 01 जून को जाते समय डौण्डी के पेट्रोल पम्प से मेरे ट्रक में 115 लीटर डीजल भरवाया हूं तथा मेरे ट्रक में पहले से करीबन 80 लीटर भरा था, इस प्रकार मेरे ट्रक में कुल 195 लीटर डीजल भरा था, 03 जून को रात्रि करीबन 11 बजे ट्रक को गौठान से ग्राम पंचायत भवन के पास खडा कर अपने घर चला गया, 04 जून को सुबह मेरा दोस्त दयानंद साहू ने मुझे फोन करके बताया कि आपके गाडी का डीजल चोरी हो गया है, तब मै अपने ट्रक सीजी 08 एडब्लू 7072 के पास जाकर देखा जहां ट्रक के डीजल टंकी का ढक्कन खुला हुआ था। मेरे ट्रक में डीजल नही था। डीजल भरवाने पर मेरे ट्रक में कुल 195 लीटर डीजल था, जिसमें से करीबन 95 लीटर डीजल खपत हो गया था, करीबन 100 लीटर डीजल बाकी था। किसी अज्ञात चोर द्वारा मेरे ट्रक की डीजल टंकी से करीबन 100 लीटर डीजल कीमती 10,245 रूपये को चोरी कर ले गया है।

### स्कूल के पास खड़े दो ट्रकों से 340 लीटर डीजल चोरी

**बालोद।** स्कूल के पास खड़े दो ट्रक से अज्ञात चोरो ने 340 लीटर डीजल की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित ड्राईवर ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नेवारीखुर्द निवासी खिलेश्वर तारम ने पुलिस को बताया कि अंतागढ निवासी अमित शक्सेना का 14 चक्का ट्रक सीजी 19 बीयू 5241 को करीबन 07 वर्षो से चला रहा हूं, 01 जून को आयरन गिट्टी को रायपुर में खाली कर ट्रक में 150 लीटर डीजल भरवाया था, जिसमें पहले से 100 लीटर डीजल था, इस प्रकार में ट्रक के टंकी में कुल 250 लीटर डीजल भरा था, ट्रक को 02 जून को रायपुर से लाकर हमारे गांव प्राथमिक शाला नेवारीखुर्द के पास सुबह करीबन 10 बजे खडा किया था, रायपुर से ग्राम नेवारीखुर्द तक आने में मेरे ट्रक का 30 लीटर डीजल खपत हुआ था, उसके बाद मै अपने घर चला गया था। मेरे ट्रक के पास में हमारे गांव के ट्रक ड्रायवर दिनेश कुमार यादव ने अपनी ट्रक सीजी 04 एनजेड 8509 को खडा किया था। मेटाबोदली माईस अंतागढ में चक्का जाम होने के कारण काम पर नही गये थे। 04 जून को सुबह 07.00 बजे ट्रक सीजी 04 एनजेड 8509 का चालक दिनेश कुमार यादव ने मेरे घर में सूचना भेजवाया कि मेरे ट्रक सीजी 04 एनजेड 8509 का डीजल चोरी हो गया है, तब मै अपने ट्रक के पास जाकर देखा तो ट्रक डीजल टंकी का ढक्कन खुला था एवं टंकी पूरी तरह खाली था एवं सीजी 04 एनजेड 8509 का चालक दिनेश कुमार यादव ने मुझे बताया कि जब वे सुबह 06 बजे ट्रक में सोकर उठने के बाद देखा तब उनके ट्रक सीजी 04 एनजेड 8509 के डीजल टंकी का ढक्कन खुला हुआ था। जिसमें भरे डीजल को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ले जाने से मेरे ट्रक के पास आकर डीजल टंकी को देखा जिसमें लगे ढक्कन खुला हुआ था।

**आयोजन : पौधारोपण के साथ संरक्षण का भी दिया संदेश**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नव चेतना संगठन ने किया पौधारोपण, 'वृक्ष मित्रों' का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नव चेतना समाजसेवी संगठन के तत्वावधान में ग्राम सिवनी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वृक्ष मित्रें को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नव चेतना समाजसेवी संगठन विगत कई वर्षोंर् से प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। गत वर्ष संस्था द्वारा 300 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। पौधारोपण के पश्चात स्थानीय नागरिकों को पौधों के संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिन जागरूक नागरिकों ने इस उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया, उन्हें इस वर्ष संस्था द्वारा वृक्ष मित्र सम्मान से अलंकृत किया गया।



संस्था की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने कहा कि सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व की भावना का संचार करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे तथा आगामी वर्षा ऋतु में व्यापक वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की शोभा ही नहीं बढ़ाते, बल्कि जीवन के आधार भी हैं। वृक्ष अल्पवृष्टि एवं अतिवृष्टि के प्रभावों को संतुलित करने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने, मृदा अपरदन रोकने तथा प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से फल, फूल, सब्जियाँ एवं औषधीय संसाधन प्राप्त होते हैं। वृक्षों की छाया वातावरण को शीतल बनाती है और भीषण गर्मी से राहत प्रदान करती है। हरित प्रकृति मानव मन को शांति, संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।

उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आग्रह किया कि यदि वृक्षारोपण करना संभव न हो, तो कम से कम लगाए गए वृक्षों की देखभाल अवश्य करें। वृक्षों की कटाई केवल पेड़ों का विनाश नहीं, बल्कि समाज से शांति, शीतलता, स्वास्थ्य, सहनशीलता, परोपकार, समृद्धि एवं सद्भाव जैसे अमूल्य मानवीय गुणों का क्षरण भी है। जितने अधिक वृक्ष कटेंगे, उतनी ही अशांति, तनाव और पर्यावरणीय संकट की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पद्मिनी देवेंद्र साहू, दुर्गा जोशी, डिलेश्वरी साहू, रीता पाठक, ज्योति पटेल, शशी प्रभा, वर्षा दुबे, सरिता साहू, रुक्मणी कोसरे, सुशीला गरिया, संजू अमादिया, कमलेश्वरी, तुलेश्वरी देवांगन अश्लेखा अमादिया, उमेश्वरी नेताम, सावित्री नेताम, मिलापा नेताम, नूतन यादव, फगिनी यादव, घना साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

## 25 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण में जुटे जयंत किरी, हजारों पौधे लगाकर बने मिसाल





**गुरूर।** समाज में आज भी ऐसे युवा है जो प्रचार प्रसार से दूर अपनी नैतीक जिम्मेदारी समझ भू–जल संरक्षण एवं पर्यावरण रक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे है। नगर के समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी जयंत किरी पिछले 25 वर्षों से लगातार पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा का मिशन चला जरूरतमंदो, प्राणियों के लिए मसीहा बने हुए है। जयंत किरी उद्योगपति है, उन्होने अपने व्यवसाय के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बचपन से ही समझा है, पिता स्व. सुंदर लाल किरी से मिली प्रेरणा से बाल्यकाल से ही पर्यावरण के प्रति समर्पण रहा। सन 2001 में गुरूर तहसील कार्यालय में पौधारोपण के साथ शुरू हुआ था जो आज वृहद रूप ले चुका है। उन्होंने स्वयं हजारों पौधे लगाए और लोगों में हजारो पौधे स्वयं के खर्च से लाकर वितरित किए, सैकड़ो पौधे आज विशाल पेड़ों का रूप ले चुके हैं, तहसील परिसर में आज जो हरियाली दिखाई देती है, उसके पीछे भी किरी परिवार का वर्शों से योगदान रहा है। लोगों को छांव व स्वच्छ वातावरण दे रहे हैं। गुरूर तहसील कार्यालय में वर्श 2024 में जयंत किरी एवं उनके परिवार द्वारा जनसुविधा के लिए वाटर कूलर प्रदान किया।

### सहयोग पार्क बना हरियाली का प्रतीक

तहसील परिसर में वर्श 2001 में ''सहयोग पार्क'' की स्थापना की गई थी। उस समय छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की उपस्थिति में पौधारोपण हुआ था। इस अभियान के प्रेरणास्त्रेत तत्कालीन दुर्ग कलेक्टर आईसीपी केशरी रहे। पार्क को विकसित करने में किरी परिवार का विशेष सहयोग रहा। आज यह सहयोग पार्क तहसील कार्यालय आने वाले लोगों को घनी छांव और प्राकृतिक सुकून प्रदान कर रहा है। 50 वर्षीय जयंत किरी बीड़ी एवं लौह उद्योग से जुड़े हैं। उन्होंने स्वयं के खर्च एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से अब तक 10,000 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण किया है। नगर पंचायत, स्कूल, कॉलेज, गौशालाओं, मुक्तिधाम और पंचायत परिसरों में सैकड़ों पौधे लगााए गए, जिनमें से कई आज विशाल वृक्ष बन जनसमान्य एवं पशु पक्षियो को फल व छाया प्रदान कर रहे है।

### 125 हेलमेट बांटकर भी चलाया जागरूकता अभियान

जयंत किरी का सामाजिक सरोकार वृहद है, जयंत किरी ने सड़क हादसों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया एवं बीते दो वर्शो में अपने खर्च पर लगभग 125 हेलमेट वितरित किए। समाजसेवा के क्षेत्र में किरी परिवार का योगदान संवेदनाओ से भरा है। जयंत किरी ने अपने पिता सुंदरलाल किरी की प्रेरणा से गुरूर, चारामा और धमतरी क्षेत्र के दिव्यांगजनों को 50 से अधिक ट्राइसिकल एवं अन्य सहायक सामग्री प्रदान की है। बीते साल जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान में जयंत किरी को ब्लॉक समन्वयक और डिरिक्ट प्लांटेशन कमेटी का सदस्य बनाया गया था। सबसे खास बात यह है कि जयंत किरी वर्शों से बिना किसी प्रचार–प्रसार के लगातार सेवा और पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। वे स्वयं पौधे लगाते हैं, लोगों को जागरूक करते हैं और संरक्षण के लिए प्रेरित भी करते हैं। बीते 25 सालो से मानसून के दौरान हजारो पौधो का वितरण निःशुल्क करते है। जयंत किरी का कहना है पेड़ सिर्फ ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन बचाते हैं। हमे हमारे बुजुर्गो ने सबकुछ दिया था हमे भी अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जल, हवा, पौष्टिक फल मिले एवं ऐसा कार्य करे कि आने वाली पीढ़ी को भीषण गर्मी, सूखा जैसी स्थिति का सामना करना ना पड़े। यह जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है।

## भाजपा मिरीटोला-पुरूर मंडल की मासिक बैठक संपन्न





गुरूर। भाजपा मिरीटोला पुरूर मंडल की मासिक बैठक संपन्न हुआ। मंडल प्रभारी की उपस्थिति में संगठनात्मक विशयों पर चर्चा की गई। जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंडल द्वारा पुलिस थाना मैदान में पौधारोपण किया। 6 जून को प्रदेश एवं जिला नेतृत्व द्वारा भाजपा मंडल मिरीटोला 'पुरूर' की सामुदायिक भवन सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं "यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ हुई। मंडल प्रभारी कौशल साहू, सभापति तेजराम साहू, सभापति चंद्रिरका गंजीर, पूर्व मंडल अध्यक्षगण त्रिलोकी राम साहू, यादव राम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय उपस्थिति थे। स्वागत भाशण टुकेश्वर पाण्डेय ने प्रस्तुत किए बैठक में मोदी सरकार के 12 पूर्व होने पर विभिन्न कार्यक्रम पर मंडल परिवार की ओर से जानकारी दी गई। जहां मंडल प्रभारी द्वारा मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल एवं विभिन्न कार्यक्रमों सहित संगठनात्मक संरचना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप गोल्डी साहू, कोशाध्यक्ष प्रहलाद साहू, मंडल उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, मीना सत्येन्द्र साहू, जर्नादन सिन्हा, सविता साहू, सुरेन्द्र तिवारी, दिनेश्वरी सिन्हा, संतोशी साहू, अजेनद्र साहू, जागेश्वर साहू, अजय साहू, हेमन्त साहू, यालेश साहू, राजेन्द्र साहू, घनश्याम साहू, मिथलेश साहू, भानू साहू, रूद्रप्रकाश साहू, तोशण मरकाम, भीमसेन धुरव, रघुवीर साहू, अशोक गंजीर, विशाल सिंह, अश्वनी साहू, धर्मेन्द्र साहू, अशोक सिन्हा, नरसिंग चोरमार ताम्रध्वज सिन्हा, तेजराम साहू, द्वारिका सिन्हा, बिसम्भर साहू, तूला राम साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गायत्री परिवार ने किया पौधारोपण



**बालोद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को संरक्षित व सुरक्षित रखने का प्रयास गायत्री शक्तिपीठ बालोद के परिजनों द्वारा किया गया। गायत्री परिवार द्वारा पिछले वर्ष स्मृति उपवन बनाया गया था, जिसमें लगभग 85 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए थे, जो आज बड़े हो गये हैं, और कुछ पौधे मर गए थे उसके स्थान पर वि"व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दूसरे पौधे लगाए गए। सदस्यो द्वारा श्रमदान कर स्मृति उपवन का सफाई भी किया गया। गत वर्श गायत्री परिवार द्वारा लाला तालाब पार में 82 पौधे लगाए गए थे, साल भर तक गायत्री परिवार द्वारा पौधो को संरक्षित करने एवं उस स्थल की सफाई किया गया।

इस दौरान 5 नष्ट हुए पेड़ बदला गया। गायत्री परिवार इस वर्श भी चयनित गाँवों में पौधारोपण किया जाएगा। गायत्री परिवार द्वारा इसके पूर्व पाण्डेयपारा, झलमला, कुंदरूपारा में पौधारोपण किया जा चूका है। जुलाई में नगर के दशहरा तालाब पार में भी पौधारोपण करने की योजना बनाई गई है।

## पर्यावरण दिवस पर साहू समाज ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**दल्लीराजहरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील साहू संघ दल्लीराजहरा द्वारा साहू सदन परिसर के सामने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि केवल पौधा लगाने तक ही सीमित न रहकर उसे पेड़ बनने तक सुरक्षित और संरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

तहसील साहू संघ अध्यक्ष शीतल साहू ने बताया कि प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति मानव जीवन की सबसे बड़ी धरोहर है, जो बिना किसी अपेक्षा के शुद्ध वायु, जल और जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करती है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

इस अवसर पर साहू सदन के सामने करंज का पौधा रोपा गया। करंज का चयन उसकी उपयोगिता और दीर्घकालिक संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया गया। यह वृक्ष बड़ा होकर घनी छाया प्रदान करता है तथा पशुओं द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की संभावना भी कम रहती है, जिससे उसके सुरक्षित रूप से विकसित होने की संभावना अधिक रहती है।

कार्यक्रम में शामिल नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाकर औपचारिकता पूरी कर लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक निरंतर देखभाल, सुरक्षा और पोषण प्रदान करना ही वास्तविक वृक्षारोपण है। पौधों को समय-समय पर पानी, खाद और सुरक्षा घेरा उपलब्ध कराना आवश्यक है, तभी ऐसे प्रयास सार्थक परिणाम देंगे। तहसील साहू संघ के सचिव राजेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ द्वारा लगाए गए पौधे की पूरी जिम्मेदारी ली जाएगी और उसे एक सशक्त वृक्ष के रूप में विकसित करने तक हर आवश्यक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान शीतल साहू ने तहसील साहू संघ से जुड़े सभी परिक्षेत्रों के सदस्यों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर तोरण लाल साहू, शीतल साहू, राजेश कुमार साहू, नूतन साहू, खूबलाल पितांबर साहू, चम्पा साहू, राधा साहू, उमा, तरुणा, पीयूष, हेमंत, राजकिशोर, भोजराम, नवीन, चंदन, पारस, देवेंद्र, तोमन साहू सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वीरेंद्र सिंह सम्मानित, सीड बॉल अभियान की दी जानकारी



**बालोद।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह को विशेषज्ञ उदबोधन के लिए आमंत्रित कर पौधे भेट कर सम्मानित किया गया। जहां प्रधान मुख्य संरक्षक पीसीसीएफ अरुण कुमार पाण्डे को सीड बाल भेट कर अवगत कराया कि बालोद, कांकेर जिले के जंगलो में अब तक 4000 सीड बाल और आम के बीज फेंके जा चुके है।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, राजयोग से सफलता का दिया संदेश



**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में रोज राजयोग मेडिटेशन करने वाले ऐसे बच्चो को जिन्होने परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उन्हे सम्मानित किया गया। जिसमें 5 वीं कक्षा में शेजल पटेल का 96.50 प्रतिशत रहा, जयदीप धीवर का 98.50 प्रतिशत, पलक साहू, भेवेदी पटेल का 95 प्रतिशत, 8 वीं में शोजल पटेल का 90 प्रतिशत, आदित्य साहू का 92 प्रतिशत, 10वीं में फना पटेल का 90.16 प्रतिशत, 12 वीं में कोमल धीवर का 86 प्रतिशत व तुषार मानिकपुरी और गीतांश देवांगन को प्रथम आने पर सम्मानित किया गया एवं नगर के प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति अग्रवाल व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर श्रीफल एवं शील्ड प्रदान किया गया।

**महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी समाज का विकास संभव नहीं**

# संगीता सिन्हा की मौजूदगी में दर्जनों महिलाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा के प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सक्रिय हुई महिला कांग्रेस में महिलाओ के जुड़ने का क्रम प्रारंभ हो गया है। संगीता सिन्हा ने महिला कांग्रेस को मजबूत करने प्रदेश का दौरा प्रारंभ कर दिया है। भ्रमण के दौरान नेतृत्व में महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा।



प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा एक दिवसीय महासमुन्द जिला प्रवास पर रही। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा के नेतृत्व में तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष निर्दलीय बलरामकांत साहू की धर्मपत्नी राधा साहू ने क्षेत्र के दर्जनों महिला समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कांग्रेस गमछा पहनाकर पार्टी में विधिवत शामिल किया। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए तुमगांव नगर पंचायत की प्रथम महिला राधा साहू ने अपने दर्जनों महिला समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया। महिलाओं का पार्टी में प्रवेश इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की विचारधारा जनसेवा और सामाजिक न्याय की नीति और जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। महिलाओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा, नई सोच और नई मजबूती प्राप्त होगी, महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी समाज का विकास संभव नहीं है, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का सम्मान अधिकार और नेतृत्व का अवसर प्रदान किया।

### पुरानी रंजिश के चलते विवाद और मारपीट

भिलाई। पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धार्थ नगर में बीती रात कुंडे व परिहार परिवार के बीच रंजिश के मध्य दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। एक पक्ष में 15-20 लोग विवाद में पहुंचे थे। कुछ माह पहले भी दोनों परिवारों के बीच विवाद हो चुका है। मामला न्यायालय तक पहुंचा था। उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। शुक्रवार की रात को बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोग लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और चाकू लेकर परिहार परिवार के यहां पहुंचे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज